**सामान्य निर्देश :**

1) यह प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका है।
2) प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका में ही प्रश्नों के उत्तर के लिए स्थान दिये गये है। उसी जगह उत्तर लिखिए।
3) इस प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका में 'जोडकर लिखिए' सहित कुल 63 प्रश्न हैं। प्रश्नों को ठीक से पढ़िए।
4) लाल स्याही एवं पेन्सिल का प्रयोग न हो। ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
5) परीक्षार्थी को दिये गये विकल्प, रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा जोडकर लिखिए जैसे उत्तरों को काटछाँट करना एवं चिह्न लगाना मना है। लिखावट के ऊपर अधिक ध्यान दीजिए।

---

**I. प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प सुझाए गये है। सही उत्तर चुनकर नीचे दिये गये जगह पर पूर्ण रूप से लिखिए :** [15×1=15]

**निर्देश : सही उत्तर के लिए 1 अंक**

1. जानवरों में इस जानवर को सबसे बुद्धिहीन मानते है—

(A) घोडा (B) गधा
(C) हाथी (D) गाय

उत्तर : **(B) गधा** **1 अंक**

2. सूरदासजी से लिखित महाकाव्य का नाम है —

(A) सूर सारावली (B) साहित्य लहरी
(C) श्री रामचरित मानस (D) सूर सागर

उत्तर : **(D) सूर सागर** **1 अंक**

3. 'रामावतार' यह इस संधि का उदाहरण है —

(A) गुण संधि (B) दीर्घ संधि
(C) व्यंजन संधि (D) विसर्ग संधि

उत्तर : **(B) दीर्घ संधि** **1 अंक**

4. 'वसन' इस शब्द का पर्यायवाची शब्द है—

(A) वस्त्र (B) अन्न
(C) वास (D) निवास

उत्तर : **(A) वस्त्र** **1 अंक**

5. 'मेरी जीवन गाथा' यह किनकी जीवन गाथा है ?

(A) महात्मा गाँधी (B) जवाहरलाल नेहरू

(C) महावीरप्रसाद द्विवेदी (D) अमृतलाल नागर

उत्तर : **(C) महावीरप्रसाद द्विवेदी** **1 अंक**

6. 'रोटी' शब्द का बहुवचन रूप है —

(A) रोटे (B) रोटीयाँ

(C) रोटी (D) रोटियाँ

उत्तर : **(D) रोटियाँ** **1 अंक**

7. रथीन बाबू की पत्नी का नाम था —

(A) गुणवन्ती (B) कलावन्ती

(C) यशवन्ती (D) कमला

उत्तर : **(C) यशवन्ती** **1 अंक**

8. गोपियों के प्रिय कृष्ण के हाथ में यह है —

(A) तलवार (B) बाण

(C) बाँसुरी (D) वीणा

उत्तर : **(C) बाँसुरी** **1 अंक**

9. 'निर्जीव' शब्द का विपरीतार्थ शब्द है —

(A) सजीव (B) सहजीव

(C) जीवित (D) जीव

उत्तर : **(A) सजीव** **1 अंक**

10. 'गुरू ग्रन्थ साहिब' इनके धर्मग्रन्थ का नाम है —

(A) हिन्दुओं के (B) पारसियों के

(C) ईसाईयों के (D) सिखों के

उत्तर : **(D) सिखों के** **1 अंक**

11. 'विश्वराज्य' कविता का कवि है —

(A) सियरामशरण गुप्त (B) जयशंकर प्रसाद

(C) मैथिली शरण गुप्त (D) सूरदास

उत्तर : **(C) मैथिली शरण गुप्त** **1 अंक**

12. 'अध्यापक' इस शब्द का अन्य लिंग रूप है —

(A) अध्यापिका (B) अध्यापकी

(C) अध्यापीका (D) अध्यापकि

उत्तर : **(A) अध्यापिका** **1 अंक**

13. 'हारिल' के हाथ में यह था —

(A) अनाज (B) तिनका

(C) माँस (D) कीड़ा

उत्तर : **(B) तिनका** **1 अंक**

14. आँगन का पंछी यह है —

(A) कौआ (B) गीध

(C) तोता (D) गौरैया

उत्तर : **(D) गौरैया** **1 अंक**

15. 'जहर' शब्द का विशेषण रूप है —

(A) जहरी (B) जहीरीली

(C) जहरीली (D) जहरिली

उत्तर : **(C) जहरीली** **1 अंक**

**II. खाली जगह को सूक्त शब्द से भरिए।** [5×1=5]

**निर्देश : सही उत्तर के लिए 1 अंक**

16. रोहतास दुर्ग यह ..........**बिहार**.......... राज्य में है। **1 अंक**

17. 'चिदंबरा' काव्य संग्रह के लिए सुमित्रानन्दन पंतजी को ..........**ज्ञानपीठ**.......... प्राप्त हुआ है। **1 अंक**

18. 3¾ को हिन्दी में ..........**पौने चार**.......... कहते है। **1 अंक**

19. सुख–दुःख तो मानव–जीवन में ..........**बारी बारी**.......... से आते है। **1 अंक**

20. नदियाँ और समुद्र ..........**कूड़ा-कचरा**.......... का घर बनते जा रहे है। **1 अंक**

**III. 21. जोड़कर लिखिए :** [5×1=5]

**निर्देश : सही उत्तर के लिए 1 अंक**

| A | B | C |
|---|---|---|
| (a) सुमित्रानन्दन पंतजी | (i) सरस्वती | (a) **(iii) छायावाद** **1 अंक** |
| (b) सूरदासजी | (ii) संज्ञा रूप | (b) **(iv) श्री कृष्ण भक्त** **1 अंक** |
| (c) महावीर प्रसाद द्विवेदीजी | (iii) छायावाद | (c) **(vii) मानवतावाद** **1 अंक** |
| (d) तुलसीदासजी | (iv) श्री कृष्ण भक्त | (d) **(vi) श्री राम भक्त** **1 अंक** |
| (e) मिठास् | (v) तपस्या | (e) **(viii) विशेषण रूप** **1 अंक** |
| | (vi) श्री राम भक्त | |
| | (vii) मानवतावाद | |
| | (viii) विशेषण रूप | |

**IV. एक वाक्य में उत्तर लिखिए।** **[10×1=10]**

**निर्देश : सही उत्तर के लिए 1 अंक**

22. झूरी काछी के बैलों के नाम क्या है ?

उत्तर : **झूरी काछी के बैलों का नाम हीर और मोती था।** **1 अंक**

23. छन्दों में किसे बाँधना संभव नहीं है ?

उत्तर : **छन्दों में जन-जन की मूक व्यथाओं को बाँधना संभव नहीं है।** **1 अंक**

24. निन्दा का उद्‌गम कैसे होता है ?

उत्तर : **निन्दा का उद्‌गम हीनता और कमज़ोरी से होता है।** **1 अंक**

25. आज की दुनिया कैसी है ?

उत्तर : **आज की दुनिया विचित्र पर नवीन है।** **1 अंक**

26. 'अनमोल' शब्द का प्रयोग एक वाक्य में कीजिए।

उत्तर : **सही वाक्य के लिए 1 अंक — (हीरा एक अनमोल रत्न है।)** **1 अंक**

27. चीनी सरकार गौरैये को क्या मानते थे ?

उत्तर : **चीनी सरकार गौरैया को खेती का शत्रु मानते थे।** **1 अंक**

28. 'चतुर्मुख' किस समास का उदाहरण है ?

उत्तर :

**'चतुर्मुख' — द्विगु समास का उदाहरण है।** **1 अंक**

29. स्कूली जीवन में अमृतलाल नगरजी ने किनकी पुस्तके पढ़ी ?

उत्तर :

**स्कूली जीवन में अमृतलालजी ने शरत बाबू की पुस्तके पढी।** **1 अंक**

30. राधा कृष्ण को किसके द्वारा संदेश भेजती है ?

उत्तर :

**राधा श्री कृष्ण को पवन के द्वारा संदेश भेजती है।** **1 अंक**

31. प्रेमचन्दजी का असली नाम क्या था ?

उत्तर :

**प्रेमचन्दजी का असली नाम धनपत राय था।** **1 अंक**

**V. निम्न प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[15×2=30]**

32. दोनों बैलों को पकड़कर कहा बँद कर दिया गया ? कितने दिन वहाँ रहे थे ?

उत्तर :

**दोनों बैलों को काँजीहौस में बन्द कर दिया गया। वहाँ वे एक सप्ताह रहे।**

**2 अंक**

33. रसखान कौन थे ? उनको यह नाम क्यों पड़ा ?

उत्तर :

**रसखान दिल्ली के पठान सरदार थे। श्रीकृष्ण के प्रति इनकी रसमयी भक्ति भावना के कारण इनको यह नाम पड़ा।** **2 अंक**

34. सैनिक से ममता ने क्या कहा ?

उत्तर : **सैनिक से ममता ने कहा — जाओ भीतर थके हुए भयभीत पथिक। तुम चाहे कोई भी हो मैं तुम्हे आश्रय देती हुँ। मैं ब्राह्मण कुमारी हूँ, अपना धर्म क्यो छोड़ दूँ।**

**2 अंक**

35. तिनका किस साधन का संकेत है ? किसके हाथ में है ?

उत्तर : **तिनका उपलब्ध साधनों का प्रतीक है। वह हारिल के हाथ में है।**

**2 अंक**

36. द्विवेदीजी ज्यादा क्यों न पढ़ सके ?

उत्तर : **द्विवेदीजी के बाप का मासिक वेतन सिर्फ दस रुपया था। इस गरीबी के कारण ज्यादा नहीं पढ़ सके।**

**2 अंक**

37. राक्षसों ने हनुमानजी के पूँछ में आग कैसे लगा दी ?

उत्तर : **राक्षसों ने वस्त्र इकट्ठा किये। उसे हनुमान जी के पूँछ में बाँध दिये। उसमें तेल डालकर आग लगा दिये।** **2 अंक**

38. कुवेंपुजी ने मैसूर विश्वविद्यालय में किन किन पदों पर कार्य किया ?

उत्तर :

**कुवेंपुजी महाराजा कालेज में अध्यापक बने। बाद में प्राध्यापक और प्रिन्सिपाल बने। अंत में इसी विश्वविद्यालय का कुलपती बने।**

**2 अंक**

39. राधा पवन को क्या लाने को कहती है ? उसे वह क्या करती है ?

उत्तर :

**राधा पवन को श्री कृष्ण के चरण धूलि को लाने को कहती है। उसे वह शरीर में लेपन करना चाहती है।**

**2 अंक**

40. रोमन कैथोलिक और हिन्दुओं में क्या समानता है ?

उत्तर :

**रोमन कैथोलिक और हिन्दुओं में समानता है। रोमन कैथोलिक की पूजा-अर्चा, धूप-दीप, व्रत-उपवास आदि हिन्दुओं जैसे है।**

**2 अंक**

41. पाखाने से लौटकर शरत बाबु ने क्या देखा ?

उत्तर :

**पाखाने से लौटकर शरत बाबू ने देखा कि पूरा उपन्यास टुकडे-टुकडे होकर कमरे में बिखरा पड़ा था। कुत्ता बैठा हुआ उसका अंतिम पृष्ठ फाड़ रहा था।**

**2 अंक**

42. संज्ञा किसे कहते है ? दो उदाहरण दीजिए।

उत्तर : **किसी व्यक्ति, वस्तु, द्रव्य या भाव का बोध करनेवाला शब्द संज्ञा है। (कोई सही परिभाषा)** **1 अंक**

**उदा. : राम, लड़का (किन्हीं दो उदा.)** **1 अंक**

43. क्रिया विशेषण किसे कहते है ? दो उदाहरण दीजिए।

उत्तर : **क्रिया की विशेषता बतानेवाला शब्द क्रिया विशेषण है।** **1 अंक**

**उदा. : धीरे-धीरे, तेज़** **1 अंक**

44. 'पर' शब्द का भिन्नार्थ लिखकर प्रत्येक दो वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

उत्तर : (a) **ऊपर**

(b) **पंख**

**सही प्रयोग के लिए एक-एक अंक** **2 अंक**

45. निम्न लिखित पद्यांश को पूरा कीजिए :

धरती को **हम काटें-छाँटे** **½ अंक**

**तो उस अंबर को** भी बाँटे **½ अंक**

एक अनल **है, एक सलिल है, एक अनिल संसार** **½ अंक**

**कहो तुम्हारी जन्म भूमि का है** कितना विस्तार। **½ अंक**

46. निम्न लिखित पद्यांश को पूरा कीजिए :

मैं रो-रो के **प्रिय-विरह से बावली हो रही हूँ** **1 अंक**

**जाके मेरी सब दुख-कथा श्याम को** तू सुना दे।
**1 अंक**

**VI. निम्न प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर चार पाँच वाक्यों में लिखिए :** **[10×3=30]**

47. गौरैया घर के आँगन में क्या-क्या करती है ।

**उत्तर :**

**घर के आँगन में ढ़ीठ होकर चहचहाते रहते है।**

**दाने चुगकर मुँड़ेरी पर बैठते है।**

**हर साँझ, हर सुबह, हर कही तिनके बिखेरते रहते है।**

**घूम फिर कर फिर रात में घर ही में आकर बसेरते है।**

**3 अंक**

48. कुवेंपु कौन-कौन से सम्मानों एवं पुरस्कारों से अलंकृत हुए थे ?

**उत्तर :**

**राष्ट्र कवि कुवेंपु राज्य एवं राष्ट्र स्तर पर कई सम्मानों व पुरस्कारों से अलंकृत हुए थे। केन्द्र साहित्य अकादमी भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित हुए थे। कुवेंपुजी 'राष्ट्रकवि', 'पंप प्रशस्ति', 'पद्मभूषण' और 'कर्नाटक रत्न' आदि सम्मानों से विभूषित थे।**

**3 अंक**

49. प्राचीन काल के हिन्दू–मुसलमान एकता के कुछ उदाहरण दीजिए।

उत्तर :

**मुसल्मानों ने यहाँ की संस्कृति को प्रभावित किया है। वे भी हिन्दुओं की संस्कृति से प्रभावित है। सूफी कवियों ने वेदांत की भावभूमि को अपनाया और उनके ग्रन्थों में हिन्दू परंपराओं को अपनाया। रसखान की सवैये तो सचमुच रस की खान है।**

**3 अंक**

इसकी संदर्भ सहित व्याख्या करो :

50. परम पिता की इच्छा के विरुद्ध इतना साहस।

पाठ का नाम : **ममता**

लेखक / कवि का नाम : **जयशंकर प्रसाद**

} **½ अंक**

किसने कहा, किससे कहा : **ममता ने कहा, अपने पिता — मंत्रि चूड़ामणि से कहा** **½ अंक**

व्याख्या :

**जब चूड़ामणि अपनी विधवा बेटी ममता के भविष्य के लिए थाल भर सोना चाँदी लाये थे, तब उसने उपयुक्त वाक्य कहती है।** **2 अंक**

51. भेद तो रात्रि के अन्धकार में ही मिटता है, दिन के उजाले में भेद स्पष्ट हो जाते है।

पाठ का नाम : **निन्दा रस**

लेखक का नाम : **हरिशंकर परसाई** } **½ अंक**

किसने कहा, किससे कहा : **लेखकने कहा, पाठकों से कहा** **½ अंक**

व्याख्या :

**लेखक अपने निन्दक मित्र के बारे में बताते हुए उपर्युक्त वाक्य कहते है। गत रात्रि घटित संभाषण को दिन होते ही भूल गये। उनके प्रति मन में मैल नहीं था।**

**2 अंक**

52. तिनका तेरे हाथों में है

अमर एक रचना का साधन

तिनका तेरे पंजे में है

विधना के प्राणों का स्पंदन

कविता का नाम : **उड़ चल हारिल**

कवि का नाम : **अज्ञेय** } **½ अंक**

व्याख्या :

**यहाँ पर कवि हारिल और तिनके के माध्यम से कह रहे है कि, हे पक्षी (मानव) तेरे हाथ में तिनका है (साधन है) उससे एक अमर रचना करो। यही विधना या सृष्टि का स्पंदन है।**

**2½ अंक**

53. छन्द पहचानकर नाम लिखिए :

गुरू गोविन्द दोउ खड़े, काके लागू पाय

उत्तर :

**|| SS| S| |S SS SS S|**

**गुरू गोविन्द दोउ खड़े, काके लागू पाय** **½ अंक**

**मात्राए - 13, मात्राए - 11**

**कुल मात्राए - 24** **½ अंक**

**यहाँ कुल मिलाकर 24 मात्राए है।** **1 अंक**

**इसलिए यह दोहा छन्द है।** **1 अंक**

54. अलंकार पहचानकर नाम लिखिए :

को घटि, ये वृषभानुजा

अलंकार का नाम : **श्लेषालंकार** **½ अंक**

कारण : **एक शब्द का दो अर्थ है।** **½ अंक**

विवरण :

**वृषभ — बैल**
**अनुजा — बहन** } **गाय** **1 अंक**

**वृषभानु — बृषभानु की**
**जा — पुत्री** } **राधाजी** **1 अंक**

निम्न कवियों में से किन्हीं दो कवियों का परिचय दीजिए :

(i) अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध (ii) तुलसीदासजी (iii) बिहारी लाल

55. **(ii) तुलसीदासजी**

(a) किस काल के कवि : **भक्तिकाल के कवि है।**

(b) जन्मस्थान : **राजापुर**

(c) जन्म–मरण : **जन्म 1532 (राजापुर) से मरण 1623 (अस्सीघाट)** } **1 अंक**

(d) ग्रंथों के नाम : **'श्री रामचरित मानस', महाकाव्य, विनय पत्रिका, कवितावली, दोहावली, रामाज्ञा प्रश्नावली आदि** } **1 अंक**

(e) उनके बारे में : **माता - हुलसी, पिता - आत्माराम दुबे**

**पत्नी - रत्नावली - इनकी उद्धारकर्ता**

**रामभक्ति शाखा के प्रवर्तक कवि** } **1 अंक**

56. **(i) अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध**

(a) किस काल के कवि : **आधुनिक काल के कवि**

(b) जन्मस्थान : **आजमघड़ जिला, निजामाबाद गाँव**

(c) जन्म–मरण : **जन्म 1922 से 2004 (आजमघड़ में मरण)** } **1 अंक**

(d) ग्रंथों के नाम : **महाकाव्य - 'प्रियप्रवास'** **1 अंक**

**खड़ीबोली का प्रथम महाकाव्य, वैदेही वनवास, पारिजाता, रसकलश आदि**

(e) उनके बारे में :

**आधुनिक हिन्दी के अभ्युदय में इनकी महत्त्वपूर्ण देन है।** **1 अंक**

**(iii) बिहारीलाल :**

(a) किस काल के कवि : **रीति काल**

(b) जन्मस्थान : **ग्वालियर के निकट गोविन्दपुर गाँव में** **1 अंक**

(c) जन्म–मरण : **1652 से 1721**

(d) ग्रंथों के नाम : **'सतसई'** **1 अंक**

(e) उनके बारे में : **बचपन बुन्देलखण्ड में बीता**

**पिता का नाम केशवराय था**

**रीतिकाल के श्रेष्ठ कवि** **1 अंक**

**व्रजभाषा की सरस और मधुर प्रयोग**

**VII. इन प्रश्नों के प्रत्येक आठ-दस वाक्यों में उत्तर लिखिए :** **[5×4=20]**

निम्न लिखित पद्य का भावार्थ अपने वाक्यों में लिखिए :

57. ऊधौ मोहि ब्रज बिसरत नाहीं

बृन्दावन गोकुल, वन उपवन, सघन कुंज की छाही

प्रात समय माता जसुमति अरू नन्द देखि सुख पावत ।।

कविता का नाम : **सूरदास के पद** **½ अंक**

कवि का नाम : **कविवर सूरदासजी** **½ अंक**

भावार्थ : **यहाँ पर गोपियों उद्धव से कहती है कि हे उद्धव, व्रज हमसे भुलाए नहीं भुला जाता है। वह वृन्दावन जहाँ कृष्ण खेला करता था, गोकुल के वन, उपवन वहाँ की सघन कुँज सबको हम भूल नहीं पा रहे है। हर सुबह हम नन्द महाराज और यशोदा को देखकर सुख पाते थे।**

**3 अंक**

58. कितनी विपदाओं के झोंके आते और चले जाते हैं।

कितने ही सुख के मधु-सपने भी तो फिर आते जाते है।

कविता का नाम : **सुख-दुःख** **½ अंक**

कवि का नाम : **महेन्द्र भटनागर** **½ अंक**

भावार्थ : **यहाँ पर कवि कहते है कि मानव जीवन में सुख-दुःख बारी बारी में आते जाते रहते है। जीवन में अनेक कष्ट आते है और कुछ समय के बाद चले जाते है। इसी तरह जीवन में सुख के मधुर क्षण, सपने भी आते है और चले जाते है। यही जीवन है।**

**3 अंक**

59. प्रवास जाने की अनुमति और धन भेजने की प्रार्थना करते हुए अपने बड़े भाई को एक पत्र लिखिए।

अथवा

तीन दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने कक्षा के अध्यापक को एक छुट्टी पत्र लिखिए।

**पत्र लेखन**

| | |
|---|---|
| **स्थल** | ½ **अंक** |
| **ता.** | ½ **अंक** |

| | |
|---|---|
| **आरंभ** | ½ **अंक** |

| | |
|---|---|
| **कलेवर (Body of the letter)** | 1½ **अंक** |

| | |
|---|---|
| **समापन** | ½ **अंक** |
| **हस्ताक्षर** | ½ **अंक** |

60. मानव को पर्यावरण के प्रति सजग होकर क्या करना चाहिए ?

उत्तर : **आज की परिस्थिति में मानव को पर्यावरण के प्रति सजग होने की अति आवश्यकता है। धूम-पान नियंत्रण करना एक अत्यन्त आवश्यक कार्य है। जनसंख्या का नियन्त्रण अत्यन्त प्रमुख आवश्यकता है क्योंकि इससे वायुमंडल प्रदूषण कम होता है (वाहन आदि)। प्रकृति का नियमित, सदुपयोग करना उसका आद्य कर्तव्य है। अपनी लालसा के लिए, भोग के लिए। वृक्षों को काटना, आदि को छोड़ना चाहिए। प्रकृति का गला दबाकर, हाथ पैर काटकर कभी भी पर्यावरण नहीं सुधरा जाता है। इसे ध्यान में रखना अत्यावश्यक है।**

**4 अंक**

61. हमारी एकता का मूल मंत्र क्या है ?

उत्तर : **हमारा एक जातीय व्यक्तित्व है। वेश-भूषा, रहन-सहन और शक्ल-सूरत में भेद होते हुए भी भारतवासी अपने जातीय व्यक्तित्व से पहचान लिए जाते है। वह व्यक्तित्व हमारी जातीय मनोवृत्ति, जीवन-मीमांसा, रहन-सहन, रीति रिवाज, उठने बैठने का ढ़ंग, चाल-ढाल, वेश-भूषा, साहित्य, संगीत, कला में अभिव्यक्त होता है। विदेशी प्रभाव पड़ने पर भी हम अक्षुण्ण है। यही हमारी एकता का मूल मंत्र है।**

**4 अंक**

**VIII. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **[2×5=10]**

62. किसी एक विषय पर एक निबन्ध लिखिए :

(a) आतंकवाद

(b) पर्यावरण

(c) मेरे प्रिय नायक

निबन्ध :

**प्रस्थावना** **1 अंक**

.......................................................................................................

**विषय प्रवेश** } **3 अंक**

.......................................................................................................

**विषय विस्तार**

.......................................................................................................

**समापन** **1 अंक**

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

.......................................................................................................

63. **निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर, नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**कबीर का जन्म संवत् 1455 में काशी के एक ब्राह्मण परिवार में होने पर भी इनका लालन–पालन नीमा और नीरू नामक जुलाहा दंपति ने किया। ये रामानन्द के शिष्य थे। पढ़े लिखे नहीं होने पर भी वे संतों के सत्संग से बहु ज्ञानी बने थे। इन्होंने समाज के कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया।**

निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(a) कबीरदास का जन्म कहाँ हुआ ?

**उत्तर :** **कबीरदासजी का जन्म काशी में हुआ।** **1 अंक**

(b) उनका जन्म किस परिवार में हुआ ?

**उत्तर :** **उनका जन्म एक ब्राह्मण परिवार में हुआ।** **1 अंक**

(c) उनका पालन पोषण किससे हुआ ?

**उत्तर :** **उनका पालन पोषण नीमा और नीरु नामक जुलाहा दंपतियों से हुआ।** **1 अंक**

(d) वे किसके शिष्य थे ?

**उत्तर :** **वे रामानन्द के शिष्य थे।** **1 अंक**

(e) इन्होंने क्या प्रयास किया ?

1 अंक

**उत्तर :** **इन्होंनें समाज के कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया।**

❐❐❐